>

Title : Need to expedite the procurement of paddy at a remunerative price by the Government Agencies in Uttar Pradesh.

**श्री हर्ष वर्धन (महाराजगंज, उ.प्र.):** उत्तर प्रदेश में किसानों से धान क्रय करने हेतु आज तक क्रय केन्द्र स्थापित नहीं किए गए हैं। कागजों में स्थापित दर्शा दिए गए क्रय केन्द्रों के संचालन नहीं होने से प्रदेश के किसान हताश एवं परेशान हैं।

रबी की बुवाई एवं निजी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किसान आढ़तियों/व्यापारियों को औने-पौने दाम में धान बेचने को विवश हैं।

उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ वÂाॉ से सरकारी एजेंसियों द्वारा आढ़तियों/व्यापारियों से अनाज की आपूर्ति किसानों के नाम पर की जाती रही है । वर्तमान में धान खरीद में भी यही हो रहा है।

अविलम्बनीय लोक महत्व के इस मामले में किसानों को धान का समर्थन मूल्य दिलाने हेतु क्रय केन्द्रों का सुचारू संचालन तत्काल प्रभाव से किया जाना सुनिश्चित कराया जाये ।

* Treated as laid on the Table.